बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

आदेश

संоसं०–9 / आ०–01–20 / 2023(स्वा०) ...................... / पटना, दिनांकः–.................................

डॉ० संतोष कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधेपुरा द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत कराया गया कि विभागीय अधिसूचना सं०–1017(2) दिनांक–11.09.2020 के अनुपालन में निर्धारित कर्त्तव्य पर दिनांक–16.09.2020 से 17.02.2021 तक कार्य किया गया। वे अपनी अस्वस्थता के कारण कर्त्तव्य स्थल पर अनुपस्थित रहे। स्वस्थ होने के उपरान्त दिनाक–12.12.2024 को अभ्यादेवन समर्पित करते हुए पदस्थापित स्थल पर योगदान करने का अनुरोध किया गया।

2. डॉ० संतोष कुमार द्वारा पदस्थापित स्थान पर योगदान करने हेतु किये गये अनुरोध के समीक्षोपरांत डॉ० संतोष कुमार का योगदान स्वीकार करते हुए उनसे कार्य लिये जाने का निर्णय लिया गया है।

3. सिविल सर्जन, मधेपुरा को निदेशित किया जाता है कि डॉ० संतोष कुमार को आदेश निर्गत की तिथि से योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व पदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण कराया जाय। डॉ० सतोष कुमार का योगदान करने की सूचना से अविलंब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

4. डॉ० संतोष कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधेपुरा के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोप में विभागीय संकल्प स०–1595(9) दिनांक–06.11.2023 द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही के आधार पर आलोच्य अवधि के लिए निर्णय लिया जाएगा।

5. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(उपेन्द्र राम)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–9 / आ०–01–20 / 2023(स्वा०) 55(9) / पटना, दिनांकः– 14.01.25

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, (ले० एवं हक०) बिहार, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, कोशी प्रमण्डल, सहरसा / सिविल सर्जन, मधेपुरा को निदेशित किया जाता है कि डॉ० संतोष कुमार के कर्त्तव्य पर योगदान करने से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

**प्रतिलिपि**–डॉ० संतोष कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव / निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं बिहार पटना / अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग / प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

14/01/2025
सरकार के अवर सचिव।